हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 6 फरवरी 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

2 नेशनल पार्क एवं सामान्य वनों से संग्रहित मोहलाईन पत्ते की हो रही तस्करी



## खबर संक्षेप

### डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा एग्रीस्टैक पहल के अंतर्गत किसानों के लिए डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनाना अनिवार्य किया जा रहा है। निकट भविष्य में विभिन्न कृषि योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए किसान आईडी आवश्यक होगी। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसान आईडी निर्माण के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाते हुए किसानों को आवश्यक सहयोग प्रदान करें। जिले के सभी कृषकों से शीघ्र अपना डिजिटल किसान आईडी कार्ड बनवाने की अपील की गई है।

### आयकर से विवादों को कम करने का प्रयास: आकाश

**मनेन्द्रगढ़।** यूनियन बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए सीए आकाश अग्रवाल ने कहा कि यूनियन बजट 2026-27 में सरकार ने देश की आर्थिक वृद्धि को तेज करने पर जोर दिया है। वर्तमान बजट करदाताओं पर सरकार के विश्वास को दिखाता है। बजट में आयकर से जुड़े विवादों को काफी हद तक कम करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई सेक्टर, बायो सेक्टर और सेमीकंडक्टर निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। कृषि व सुशासन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग से पारदर्शिता बढ़ेगी। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए नेशनल इंस्टीट्यूट आफ हॉस्पिटैलिटी की स्थापना की जाएगी। डायरेक्ट टैक्स कोड लागू होने से कर प्रणाली सरल होगी। इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, रेल, सड़क और उद्योग के लिए रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय प्रस्तावित किया गया है। बजट में एमएसएमई और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने के लिए नई योजनाएं लाई गई हैं, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ने की उम्मीद है। कृषि, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों के लिए भी अतिरिक्त प्रावधान किए गए हैं, जबकि आयकर स्लैब में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया है।



### जिला क्रिकेट संघ के गुरमीत बने नए अध्यक्ष

**मनेन्द्रगढ़।** जिला क्रिकेट संघ कोरिया की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन सौहार्दपूर्ण वातावरण में किया गया। बैठक में संघ से जुड़े विभिन्न संगठनात्मक, खेल विकास एवं आगामी गतिविधियों से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले में क्रिकेट को मिल रहे प्रोत्साहन, खिलाड़ियों की बढ़ती रुचि तथा खेल अधोसंरचना को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से गुरमीत सिंह को जिला क्रिकेट संघ कोरिया का नया अध्यक्ष चुना गया। चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न हुई। बैठक की संपूर्ण कार्रवाई सचिव आशीष अग्रवाल, विनोद जायसवाल, संजय सिंह, कोषाध्यक्ष अमित चावड़ा, सह सचिव शारदा मरावी, सहायक रमणीक सिंह एवं किशन केवट की उपस्थिति में संपन्न हुई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। जिला प्रशासन, खेल प्रेमियों एवं संघ के सहयोग से खिलाड़ियों को निरंतर प्रोत्साहन मिल रहा है, जिसका सकारात्मक परिणाम सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी प्राथमिकता जिले में क्रिकेट के विकास, ग्रामीण व शहरी प्रतिभाओं की पहचान, प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन, नियमित प्रतियोगिताएं कराने तथा खिलाड़ियों को जिला, राज्य और राष्टीय स्तर तक पहुंचाने की रहेगी। उन्होंने कहा कि संघ को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और सक्रिय बनाया जाएगा ताकि जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को बेहतर मंच और सुविधाएं मिल सकें।



## खड़गवां के भुकभुकी में अंजनहिल माइंस परियोजना के लिए जनसुनवाई

# किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं होगा: जीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोमनहिल

अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने दक्षिण-पूर्वी चिरमिरी कोलफील्ड क्षेत्र में स्थित अपनी प्रस्तावित अंजनहिल कोयला खदान परियोजना के लिए जनसुनवाई की प्रक्रिया पूर्ण कर ली है।

यह परियोजना कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कंपनी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एसईसीएल) के चिरमिरी क्षेत्र के अंतर्गत आती है तथा लगभग 388.261 हेक्टेयर क्षेत्र में प्रस्तावित है। प्रस्तावित कोयला उत्खनन परियोजना की जनसुनवाई 5 फरवरी को ग्राम भुकभुकी, जनपद पंचायत खड़गवां में आयोजित की गई। जनसुनवाई में जिला एवं क्षेत्रीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इनमें अपर कलेक्टर अनिल सिदार, पर्यावरण जलवायु संरक्षण अधिकारी शैलेष पिसदा, अनुविभागीय अधिकारी बृजेन्द्र सारथी, स्थानीय सीएसपी दीपिका मिंज, एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार तथा सब एरिया मैनेजर मनीष सिंह प्रमुख रूप से शामिल रहे। जनसुनवाई के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने परियोजना के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया। जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रिया ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए खदान का खुलना स्वागतयोग्य है। इस अवसर पर चिरमिरी महापौर रामनरेश राय, नगर निगम चिरमिरी के सभापति संतोष सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष शिवांश जैन, नगर निगम की नेता प्रतिपक्ष गायत्री बिरहा एवं वरिष्ठ पत्रकार श्रीकांत शुक्ला सहित अन्य जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जनसुनवाई की प्रक्रिया नामित अधिकारियों एवं वैधानिक प्राधिकरणों की उपस्थिति में पूर्ण पारदर्शिता तथा सभी नियामक प्रावधानों के अनुरूप संपन्न हुई। परियोजना को स्थानीय निवासियों से सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई, जो कंपनी की कार्यप्रणाली एवं प्रतिबद्धताओं के प्रति समुदाय के विश्वास को दशार्ती है। जनसुनवाई के दौरान कुछ स्थानीय लोगों द्वारा निजी भूमि अधिग्रहण को लेकर चिंता व्यक्त की गई, इस पर एसईसीएल के महाप्रबंधक अशोक कुमार ने स्पष्ट किया कि किसी भी निजी भूमि का अधिग्रहण नहीं किया जाएगा। परियोजना का विकास केवल आवंटित लीज क्षेत्र के भीतर एवं सभी वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप ही किया जाएगा। अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड ने यह भी बताया कि कंपनी स्थानीय समुदायों के समग्र विकास एवं कल्याण के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके अंतर्गत स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन, सुरक्षा उपाय एवं जल प्रबंधन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। कंपनी द्वारा हाल ही में किए गए सामुदायिक विकास कार्यों का भी उल्लेख किया गया। इनमें हुडी जैकेट, स्कूल बैग तथा डेस्क-बेंच का वितरण शामिल है। परियोजना के संचालन से क्षेत्र में आजीविका के नए अवसरों ▶▶ शेष पेज 4 पर




कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधि।



जनसुनवाई में उपस्थित लोग।

# रामानुज मिनी स्टेडियम में होगा कोरिया महोत्सव

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर स्थित रामानुज मिनी स्टेडियम में प्रस्तावित आगामी 16, 17 फरवरी को कोरिया महोत्सव के आयोजन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं।

महोत्सव में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आगमन की प्रबल संभावना जताई जा रही है, जिसके मद्देनजर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रहा है। इसी क्रम में 5 फरवरी की दोपहर कोरिया कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी अपने अमले के साथ शहर का भ्रमण कर आयोजन स्थल सहित प्रमुख व्यवस्थाओं का जायजा ली। उन्होंने शहर के रेस्ट हाउस मार्ग में यातायात व्यवस्था, सुरक्षा इंतजाम, पार्किंग, साफ-सफाई को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कोरिया महोत्सव के दौरान आमजन को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों, स्थानीय कलाकारों की सहभागिता एवं जिले की सांस्कृतिक पहचान को प्रमुखता से प्रस्तुत करने पर विशेष जोर दिया गया। दूसरी ओर कोरिया महोत्सव को लेकर जिलेवासियों में उत्साह का माहौल है। यह आयोजन कोरिया जिले की संस्कृति, कला, पर्यटन और परंपराओं को मंच प्रदान करने के साथ-साथ जिले की पहचान को प्रदेश स्तर पर और मजबूत करेगा।



■ प्रशासनिक तैयारियां शुरू

# दो माह बाद मांगलिक कार्यों की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

करीब दो माह के लंबे इंतजार के बाद 4 फरवरी से शादियों का शुभ सीजन की शुरूआत हो गई, इसके साथ ही बैंडबाजा व बारात की रौनक लौट आई। फरवरी माह में विवाह के कई मुहूर्त पड़ रहे हैं, इसके कारण फरवरी माह में सबसे अधिक विवाह संपन्न होंगे। इसी माह में विवाह के कई श्रेष्ठ मुहूर्त भी है।

जानकारी के अनुसार विवाह के शुभ मुहूर्त के लिए शुक्र ग्रह का उदय होना अनिवार्य होता है। बीते 9 दिसंबर से शुक्र ग्रह अस्त थे, इसके कारण मकर सक्रांति ओर खरमास समाप्त होने के बावजूद जनवरी माह में एक भी विवाह मुहूर्त नहीं था और इसके बाद 4 फरवरी 2026 से विवाह के मुहूर्त शुरू हो रहे हैं, जो माह के अंतिम दिवस तक कई विवाह के मुहूर्त हैं। जानकारी के अनुसार चालू माह में 4 से 8 फरवरी, 10 से 15 फरवरी, इसके बाद 19, 20, 21, 24, 25 तथा 26 फरवरी तक विवाह के ढेरो मुहूर्त है। वहीं मार्च माह में 4 से लेकर 14 तक लगातार विवाह के मुहूर्त हैं, इसके बाद मार्च में कोई मुहूर्त नहीं है और सीधे एक माह के अंतराल में अप्रैल में 15 अप्रैल से विवाह के मुहूर्त शुरू होंगे, इस तरह अप्रैल के महीने में गिनती के ही विवाह मुहूर्त पड़ रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 4 पर



### पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पुलिस पार्टी पर फायरिंग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामला सिटी कोतवाली जांजगीर का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव थाना प्रभारी शिवरीनारायण ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रामनाथ सबरिया पिता छोटेबाबू सबरिया द्वारा पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर फरार हो गया था। जिसकी पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान 1 फरवरी को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बोडसरा में रामनाथ सबरिया अपने रिश्तेदारी में छिपा है। ग्राम बोड़सरा शराब भट्टी के आगे दाहिने तरफ खण्डहरनुमा मकान में रामनाथ होना पाया। आरोपी को आत्मसमर्पण के लिये बार-बार चेतावनी भी दी गई परंतु आरोपी द्वारा चेतावनी को नजर अंदाज करते हुए इन लोगो को देखकर अपने हाथ में रखे देशी कट्टा को तान दिया। ऊपर फायर कर दिया जिससे ये लोग बाल-बाल बच गये। गोली निरीक्षक के सिर के उपर से गुजरी जिससे निरीक्षक राजीव श्रीवास्तव विवश होकर बल का प्रयोग किया। मामले में आरोपी रामनाथ सबरिया को गिरप्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# कोयला चोरी के मामले में 9 आरोपी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

जिले में अवैध कारोबार, जुआ, सट्टा, गांजा, शराब एवं कोयला चोरी के विरूद्ध प्रभावी कार्रवाई कर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, अति पुलिस अधीक्षक श्रीमती सुरेशा चौबे एवं उप पुलिस अधीक्षक राजेश साहू के मार्गदर्शन में यह अभियान लगातार संचालित किया जा रहा है। इन्हीं निर्देशों के परिपालन में थाना चरचा प्रभारी प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा अपने थाना स्टाफ के साथ चरचा क्षेत्र में कोयला चोरों के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने कोयला चोरी में संलिप्त 9 आरोपियों को पकड़कर उनके विरूद्ध वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की। पकड़े गए आरोपियों में सुरेश सिंह निवासी तलवापारा जूनापारा, राजेश कुमार निवासी बनखेतापारा बिशुनपुर, उमेन्द्र सिंह निवासी जूनापारा, संतलाल राजवाड़े निवासी तलवापारा जूनापारा, संजय राजवाड़े निवासी जूनापारा, शंकर सिंह निवासी बनखेता पारा, हेमंत निवासी भट्ठीपारा बिशुनपुर, शिवलाल निवासी तलवापारा, शिवराम सूर्यवंशी निवासी शिवपुर चरचा शामिल हैं। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कोयला चोरी करने वालों में हड़कंप मच गया है। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध गतिविधियों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आगे भी इसी प्रकार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। इस अभियान में आरक्षक सागर लाल, प्रदीप श्याम, राजेन्द्र सिंह, विवेक तिवारी, जयसिंह, साकेश प्रकाश एवं सैनिक रविदास का विशेष योगदान रहा। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। चरचा एवं आसपास के क्षेत्रों में कोयला चोरी, अवैध परिवहन और अवैध कारोबार पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर त्वरित कार्रवाई के लिए पुलिस टीमों को सतर्क कर दिया गया है। पुलिस प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे अवैध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को तत्काल दें, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। पुलिस का मानना है कि जनसहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन कार्य को सचिव ने देखा

**मनेन्द्रगढ़।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह ने मनेन्द्रगढ़ प्रवास के दौरान जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत चनवारीडांड में संचालित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई का निरीक्षण किया और इसकी कार्यप्रणाली की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि यह इकाई स्वच्छ भारत मिशन के उद्देश्यों को जमीनी स्तर पर साकार करते हुए पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ग्रामीण रोजगार और संसाधन पुर्नचक्रण का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता सेवकों एवं संबंधित कार्मिकों द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ की ग्राम पंचायतों तथा रूट चार्ट के अनुसार शहरी क्षेत्रों में स्थापित एसआरएलएम केन्द्रों से प्लास्टिक अपशिष्ट का नियमित एकत्रीकरण किया जाता है। सभी नगर निकायों के साथ किए गए अनुबंध के माध्यम से प्लास्टिक को चनवारीडांड स्थित प्रबंधन इकाई तक लाया जाता है, जहां पृथक्करण उपरांत उसका श्रेडर किया जाता है। इस श्रेडर प्लास्टिक का उपयोग प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण में किया जा रहा है, जिससे प्लास्टिक अपशिष्ट का सुरक्षित एवं उपयोगी निपटान सुनिश्चित हो रहा है। इकाई के माध्यम से अब तक लगभग 2600 किलोग्राम श्रेडर प्लास्टिक पीएमजीएसवाई को प्रदाय किया जा चुका है, जबकि 450 किलोग्राम श्रेडर प्लास्टिक वर्तमान में स्टॉक में उपलब्ध है, जिसे शीघ्र ही सड़क निर्माण कार्यों में उपयोग के लिए प्रदाय किया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण राजेश जैन, उप अभियंता शैलेश गुप्ता, ग्राम पंचायत चनवारीडांड के सरपंच सोनू सिंह, सचिव अनिल सिंह, क्लस्टर समन्वयक प्रभा पयासी सहित स्वच्छाग्राही एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



### महिला सैन्य पुलिस भर्ती रैली 26 को

**बलरामपुर।** सेना भर्ती कार्यालय जबलपुर और रायपुर के तत्वाधान में महिला सैन्य पुलिस के पद के लिए भर्ती रैली का आयोजन 23 फरवरी को पुलिस ग्राउंड झिंझरी, कटनी में किया जाएगा। भारतीय सेना द्वारा 30 जून 2025 से 10 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया था। इस भर्ती रैली में बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के वे महिला उम्मीदवार हिस्सा लेंगी, जिन्होंने पूर्व में आयोजित सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) उत्तीर्ण कर ली है। शारीरिक दक्षता परीक्षा एवं दस्तावेज सत्यापन में सफल महिला उम्मीदवारों की चिकित्सा जांच 24 फरवरी को सेना अस्पताल, जबलपुर में की जाएगी।

# परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम आज

**बैकुण्ठपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 6 फरवरी को देश के करोड़ों छात्रो शिक्षकों एवं अभिभावकों से सीधा संवाद करेंगे, जिसका प्रसारण सुबह 10 बजे से किया जाएगा।

शिक्षा विभाग के अधिकारी सूचना प्रसारित कर समस्त संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को विभिन्न शोसल प्लेटफार्म, टीव्ही से प्रसारण को छात्रों को दिखाने का उचित व्यवस्था कर दिखाएंगे। इस वर्ष परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का 9 वे संस्करण है और इस बार बीते वर्षो की तुलना में सर्वाधिक छात्रों ने पंजीकरण कराया था और अभिभावकों की भी अधिक भागीदारी रही है। प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को परीक्षा के तनाव को दूर करना और आत्म विश्वास बढ़ाना है, इसके लिए जिले के सभी विद्यालयों में 6 फरवरी की सुबह 10 बजे से प्रधानमंत्री के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने सुनने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं और इसके फोटोग्राफ के साथ उपस्थिति का प्रतिवेदन भेजने निर्देशित किया है। जिले के सभी विद्यालयों में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम के देखने व सुनने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है और 6 फरवरी की सुबह 10 बजे सभी विद्यालयों के विद्यार्थी पीएम के परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम देखेंगे।

## अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट

# रोमांचक मुकाबले में मणिपुर ने क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चरचा कॉलरी

अखिल भारतीय शेषन स्मृति 50 वां गोल्ड कप फुटबॉल टूर्नामेंट के स्वर्ण जयंती समारोह के अंतर्गत प्रतियोगिता के तीसरे दिन का तीसरा मुकाबला स्पोर्टिंग एथोर्टी, रांची (झारखंड) एवं एफसी जान, इम्फाल (मणिपुर) के बीच खेला गया। मुकाबला रोमांच से भरपूर रहा। इसमें दर्शकों को अंत तक सांस थामे रहना पड़ा।

मैच के मुख्य अतिथि छग फुटबॉल संघ के सचिव एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी चिरमिरी डॉ. अशोक बिराजी, वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक हीरा सिंह एवं ददन राम रहे। अतिथियों द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात राष्ट्रगान के साथ मैच की शुरूआत हुई। इस अवसर पर मंच पर हेमसागर यादव, धर्मेन्द्र सिंह, धर्मवीर सिंह, प्रदीप डे, नीरज गुप्ता, शशिभूषण राय एवं जितेन्द्र श्रीवास्तव उपस्थित रहे। मैच के प्रारंभ से ही स्पोर्टिंग एथोर्टी, रांची की टीम ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन किया और कई बार गोल करने के मौके बनाए, लेकिन सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं एफसी जान, इम्फाल की टीम ने भी शानदार बचाव और जवाबी हमले किए। मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में असफल रहीं और स्कोर 0-0 बना रहा। मध्यांतर के बाद मणिपुर की टीम ने दबाव बनाते हुए आक्रामक खेल दिखाया। एक सुनहरा अवसर भी मिला, लेकिन रांची टीम के गोलकीपर ने बेहतरीन सूझबूझ का परिचय देते हुए गोल बचा लिया। निर्धारित समय तक दोनों ही टीमें गोल नहीं कर सकीं और मुकाबला 0-0 की बराबरी पर समाप्त हुआ। इसके पश्चात मुख्य निर्णायक के निर्णयनुसार पेनाल्टी शूटआउट कराया गया। इसमें एफसी जान, इम्फाल (मणिपुर) ने स्पोर्टिंग एथोर्टी, रांची (झारखंड) को 5-4 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मैच का मैन ऑफ द मैच पुरस्कार एफसी जान, इम्फाल के जर्सी नंबर 9 जुनेद खान को दिया गया। यह पुरस्कार हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल की ओर से प्रदान किया गया, जिसे डॉ. अशोक बिराजी के हाथों सम्मानित किया गया।

मैच के मुख्य निर्णायक आशीष तिवारी, सहायक निर्णायक प्रफुल्ल कुमार एवं भरत राजवाड़े, फोर्थ ऑफिशियल विशाल प्रजापति, मैच कमिश्नर अनिल कचेर तथा अतिरिक्त निर्णायक विजय विश्वकर्मा रहे। ग्राउंड मैनेजमेंट एवं फिजियोथैरेपी में मो. रफीक की अहम भूमिका रही। आयोजन समिति में अध्यक्ष सहक्षेत्र प्रबंधक संजय कुमार, ▶▶ शेष पेज 4 पर



मैन ऑफ द मैच पुरस्कार देते अतिथि।



मैदान में खेलते खिलाड़ी।

### कीटनाशक पीने से युवती की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** युवती ने अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक पी ली। परिजन युवती को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार मनेन्द्रगढ़ थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी मुस्कान आ. गिरिजा शंकर (16 वर्ष) 2 जनवरी को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी ली जिससे उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन युवती को मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। जहां उपचार के दौरान युवती की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चाल लाश का पीएम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

**खबर संक्षेप**

## पण्डो समाज की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने सौंपा ज्ञापन



अम्बिकापुर। लखनपुर तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत माजा के राजाकटेल में निवासरत पण्डो समुदाय के लोगों ने दूसरे राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोगों पर उनकी पुस्तैनी भूमि पर जबरन मकान बनाकर कब्जा करने एवं विरोध करने पर धमकी देने का आरोप लगाया है तथा कलेक्टर को ज्ञापन सौंप अवैध अतिक्रमण हटाने की मांग की है। इस दौरान पण्डो समुदाय के लोगों ने बताया कि पड़ोसी राज्यों से आए विशेष समुदाय के लोग उनकी पुश्तैनी जमीन पर जबरिया मकान बनाकर भूमि पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जिससे उनकी कृषि भूमि सिमटते जा रही है साथ ही जीविकोपार्जन का संकट उत्पन्न हो रहा है। बाहरी लोगों की बसाहट बढ़ने के कारण पारंपरिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक व्यवस्था पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीणों ने अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ ही समुदाय के लोगों की भूमि को संरक्षित करने की मांग की है। इस दौरान सनमान पण्डो, दरोगा पण्डो, गणेश पण्डो, राजेश पण्डो, रामधन पण्डो सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## एसईसीएल सुरक्षा अमले ने खदान के बाहर दर्जनों बोरियों में भरा कोयला किया जप्त

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के आमगांव,अमेरा व गायत्री खदान से संगठित रूप से कोयला चोरी का कार्य बदस्तूर जारी है,खदानों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था का अभाव चोरों के लिए वरदान साबित हो रहा है,मंगलवार की प्रातः एसईसीएल के क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी को सूचना मिली कि आमगांव और गायत्री खदान में आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में खदान में जबरन प्रवेश कर बड़ी मात्रा में कोयला चोरी कर ले जा रहे हैं,सूचना पर मंगलवार को हथियार बंद जवानों को लेकर बड़े सबेरे सुरक्षा अधिकारी गायत्री खदान पहुंचे,जहां जवानों को देख कोयला चोर मौके पर कोयला छोड़ बाइक लेकर भाग निकले,बाद में सुरक्षा अमले ने खदान के मैनेजर से मदद लेकर कर्मचारियों के माध्यम से खदान के बाहर बड़ी मात्रा में बोरो में भरे कोयले को जप्त कर स्टॉक में सुरक्षित रखवाया है, इसके बाद सुरक्षा अमले की टीम आमगांव खदान पहुंची,यहां भी खदान के बाहर बड़ी संख्या बाहरी लोग बाइक लेकर कोयला चोरी करने के उद्देश्य से खदान पहुंचे थे, जो जवानों को देख इधर उधर भागने लगे, जिसके बाद सुरक्षा अधिकारी ने उन्हें अंतिम चेतावनी देकर छोड़ दिया है।

## छात्राओं से दुर्व्यवहार व्याख्याता निलंबित

**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंड्राकला में पदस्थ व्याख्याता एलबी युवनाश यादव को गंभीर आरोपों के चलते तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। लोक शिक्षण संचालनालय ने 3 फरवरी 2026 को जारी आदेश के तहत निलंबित की कार्रवाई की है। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार श्री यादव पर विद्यालय ने छात्राओं से आपत्तिजनक, अशोभनीय व अनुचित व्यवहार करने, विद्यालय परिसर में शराब पीने, कार्य समय में मोबाइल फोन में व्यस्त रहने का आरोप लगाया था जो जांच में सही पाया गया है। जांच प्रतिवेदन में यह भी उल्लेख किया गया है कि श्री यादव का आचरण छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3, 22 एवं 23 के विपरीत है। इस आधार पर उन्हें छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9 के तहत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि के दौरान श्री यादव का मुख्यालय जिला शिक्षा अधिकारी अधिकारी कार्यालय सरगुजा नियत किया गया है तथा उन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्रदान किया जाएगा।

## राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर श्रमिक संगठनों की संयुक्त मोर्चा की बैठक

**बिश्रामपुर।** चार श्रम कानूनों के प्रभावी होने की आशंका और श्रम संगठनों के अस्तित्व पर संकट को लेकर भारतीय मजदूर संघ को छोड़कर शेष सभी श्रमिक संगठनों द्वारा 12 फरवरी को आहूत राष्ट्रव्यापी हड़ताल के संबंध में एचएमएस कार्यालय में संयुक्त श्रम संगठनों की बैठक आयोजित की गई।श्रमिक नेता रामाशीष पॉल की अध्यक्षता में हुई बैठक में एचएमएस,एटक,इंटक एवं सीटू के पदाधिकारियों ने हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि चार श्रम कानून लागू होने से मजदूरों के अधिकार प्रभावित होंगे,इसलिए हड़ताल आवश्यक है। बैठक में एटक से पंकज गर्ग,इंटक से अजीत यादव, सीटू से अप्पा राव और एचएमएस से देवेंद्र मिश्रा ने अपने विचार रखे और सभी संगठनों से अभी से तैयारी में जुटने का आह्वान किया। बैठक में बड़ी संख्या में श्रमिक नेता व कोल कामगार उपस्थित रहे।

## शराब बिक्री कर रही महिला गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** महुआ बिक्री कर रही महिला को गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने गिरफ्तार किया है। महिला के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि मेंड्रा कला निवासी बसंती केवट अपने घर में भारी मात्रा में महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रही है।

### बिना टीपी तस्कर भेज रहे दक्षिण भारत, वर्षों से चल रहा वनोपज का अवैध कारोबार

# नेशनल पार्क एवं सामान्य वनों से संग्रहित मोहलाईन पत्ते की हो रही तस्करी

हरिभूमि न्यूज.बिहारपुर।

गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं सामान्य वनों से तस्कर मोहलाईन पत्ते की धड़ल्ले से तस्करी कर रहे हैं। वन अमले की लापरवाही के कारण तस्कर बिना टीपी पत्ते का अवैध परिवहन भी कर रहे हैं। दक्षिण भारत के राज्यों में मोहलाइन पत्ते की भारी मांग होने के कारण तस्कर मोहलाईन पत्ते को बेचकर मोटी कमाई कर रहे हैं वहीं धड़ल्ले से चल रही अवैध तस्करी से वन विभाग को राजस्व की हानि हो रही है। मोहलाईन आदिवासी संस्कृति एवं आजीविका का अभिन्न अंग है। यह कंदयुक्त बेल है जो जंगल के पेड़ों पर फैलता है। इसके पत्ते बेहद मजबूत एवं बड़े आकार के होते हैं। आदिवासी समुदाय पत्तों का उपयोग पूजा-पाठ में करता है। अब पत्तों का दोना-पत्तल बनाने के साथ ही अन्य व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है।

मोहलाईन पत्ता को वन विभाग द्वारा वनोपज की श्रेणी में शामिल किया गया है तथा इसके परिवहन के लिए अभिवहन पास आवश्यक निर्धारित किया है। दो दशक पूर्व तक मोहलाई पत्ता सरगुजा संभाग के सभी जंगलों में मिलता था लेकिन बेतरतीब दोहन के बाद अब मोहलाइन के पौधे गुरु घासीदास नेशनल पार्क एवं आसपास के सामान्य जंगलों में बचे हैं। पत्तों का व्यवसायिक उपयोग होने के कारण दक्षिण भारत के राज्यों में इसकी भारी मांग है। पूर्व में ठेकेदार के लिए पत्तों का संग्रहण कराने वाले मुंशी पिछले कुछ सालों से लगातार मोहलाइन पत्ते की तस्करी कर मोटी कमाई कर रहे है। ग्रामीण परिवार रोज जंगल से पत्तों का संग्रहण कर बांस के डंडे व रस्सी के सहारे बंडल तैयार करते हैं तथा तस्करों को सूचना देते हैं। सूचना पर तस्कर घ-घर से पत्तों को तौल कर खरीदते हैं। सूत्रों के अनुसार तस्कर वनक्षेत्र के विभिन्न गांवों से खरीदे गए पत्तों को बैकुंठपुर में संग्रहित करते हैं ट्रक से दक्षिण भारत के राज्यों में भेजते हैं। हैरानी की बात है कि वर्षों से चले रहे इस अवैध कारोबार में तस्करों ने कभी विभाग से अभिवहन पास लेने की भी जरूरत नहीं समझी। वन अधिकारियों को भी वर्षों से चल रहे इस अवैध कारोबार की जानकारी नहीं है न ही विभाग ने वनोपज के अवैध परिवहन को रोकने के लिए ही कोई पहल की है।



### जांच चौकी में खानापूर्ति

वनोपजों की तस्करी रोकने गुरु घासीदास नेशनल पार्क द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में जगह-जगह जांच चौकी स्थापित की गई तथा कर्मचारियों को तैनात किया गया है। जांच चौकी के रास्ते ही तस्कर मोहलाईन पत्ते का अवैध परिवहन करते हैं। मध्यप्रदेश की सीमा पर नवाटोला में अंतरराज्यीय जांच चौकी स्थापित की गई है जबकि मोहरसोप, मकराद्वुआरी एवं रामगढ़ में गुरू घासीदास नेशनल पार्क द्वारा जांच चौकी बनाकर कर्मचारियों को तैनात किया गया है। तस्कर मोहरसोप जांच चौकी के रास्ते अवैध परिवहन करते हैं लेकिन कभी किसी वनकर्मी ने इसकी जांच करने की कोशिश नहीं की। इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी मेवालाल पटेल ने बताया कि पूर्व में विभाग द्वारा मोहलाइन पत्ते का टेंडर कर ठेकेदार को संग्रहण के लिए तैनात किया था। वर्तमान पत्ता संग्रहण का टेंडर नहीं हुआ है न ही किसी को टीपी जारी किया गया है। इस संबंध में जानकारी लेता हूं।

### दो गांवों में अधिक संग्राहक

विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत दूरस्थ ग्राम रसौकी एवं उमझर में मोहलाईन पत्ते के संग्राहक अधिक हैं। संग्राहक परिवार के सदस्य सुबह जंगल में पहुंच जाते हैं तथा पत्ते तोड़कर घर लाते हैं जहां इनका बंडल बनाया जाता है। ये दोनों गांव गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं पास के सामान्य जंगल में बसे है। इन्ही दोनों गांवों के जंगलों में मोहलाईन की बेल बहुतायात में है। आसपास के जंगलों में बेल की संख्या कम होने के कारण ग्रामीण इसका संग्रह नहीं करते। पर्याप्त बंडल तैयार करने के बाद ग्रामीण तस्करों को सूचना देते हैं। सूचना पर तस्कर पिकअप लेकर पहुंचते हैं तथा पत्तों को बैकुंठपुर में भंडारित करते हैं। बताया जा रहा है कि पांच साल पूर्व विभाग ने पत्ता संग्रहण के लिए ठेका भी किया था लेकिन बाद में कभी ठेका नहीं हुआ।

### बैरियर पर कराता हूं जांच

इस संबंध में तत्काल बैरियर पर तैनात कर्मचारियों को सूचना देकर जांच कराता हूं। अवैध संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।
जितेन्द्र कुमार चंद्रवंशी

रेंजर, गेमरेंज रिहंद
गुरूघासीदास नेशनल पार्क

## जलाशयों के जीर्णोद्धार के लिए 10.93 करोड़ की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज. अम्बिकापुर

महिला एवं बाल विकास और समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े की सक्रिय पहल और सतत प्रयासों से भटगांव विधानसभा क्षेत्र में कुल 10.93 करोड़ रुपए की लागत से महत्वपूर्ण विकास कार्यों को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन कार्यों के पूर्ण होने से जल संरक्षण को मजबूती, सिंचाई सुविधाओं का विस्तार, क्षेत्र की प्राकृतिक सुंदरता के संरक्षण के साथ-साथ पर्यटन विकास को नई दिशा मिलेगी। इसके अलावा, स्थानीय युवाओं के लिए नए रोजगार और आय के अवसर भी सृजित होंगे। विकासखंड भैयाथान अंतर्गत बृजेश्वर सागर जलाशय योजना के नवीनीकरण कार्य हेतु 4.94 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसी विकासखंड की कुर्रीडीह जलाशय योजना के जीर्णोद्धार कार्य के लिए 4.73 करोड़ रुपए, और विकासखंड ओड़गी स्थित बसनारा जलाशय तालाब के मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु 1.26 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि जल संसाधनों के संरक्षण एवं विकास से ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत होगी, पर्यटन के विस्तार से युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और क्षेत्र का समग्र विकास गति पकड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी स्वीकृत कार्य गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं।

## मनरेगा योजना का नाम परिवर्तन के विरोध में कांग्रेस ने किया विरोध प्रदर्शन

**सीतापुर।** केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा योजना का नाम बदलकर जी राम जी रखे जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने पूर्व मंत्री अमरजीत भगत के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया। पूर्व मंत्री निवास के सामने आयोजित विरोध प्रदर्शन में पूर्व मंत्री समेत कांग्रेसियों ने केंद्र सरकार समेत प्रदेश सरकार पर जमकर हमला बोला। प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने तीन सूत्रीय मांगों को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान पूर्व मंत्री श्री भगत ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार बिल्कुल तानाशाही पर उतर आई है। विकास के नाम पर पूर्व में संचालित योजनाओं का नाम बदलकर देश की जनता को बेवकूफ बनाया जा रहा है। पूर्व में कांग्रेस की सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार देने के लिए मनरेगा योजना



शुरू किया था इस योजना का उद्देश्य गांव से होने वाले पलायन पर रोक लगाते हुए लोगों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराना था। दशकों तक यह योजना लोगों को गांव में भरपूर रोजगार उपलब्ध कराती रही जिसकी वजह से लोगों का गांव से पलायन रुक गया था। अब इसी योजना का नाम जी राम जी करते हुए केंद्र सरकार ने इसके अस्तित्व पर सवाल खड़े कर दिए है। केंद्र सरकार को इस योजना में महात्मा गांधी नाम जुड़ा होने की वजह से चिढ़ हो रही थी। केंद्र सरकार द्वारा नाम बदले जाने से यह साबित होता है कि वो महात्मा गांधी का अस्तित्व समाप्त करना चाहती है।

## रोजगार सचिव के कार्यों से ग्रामीणों में आक्रोश, विधायक से की शिकायत

हरिभूमि न्यूज. शंकरगढ़

ग्राम पंचायत जमोहर में रोजगार सचिव आशा पैकरा के खिलाफ ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने रोजगार से जुड़े कार्यों में अनियमितता, अभद्र व्यवहार और शासन की योजनाओं में लापरवाही के आरोप लगाते हुए विधायक से शिकायत की। शिकायत के बाद विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत सीईओ को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

ग्रामीणों ने बताया कि रोजगार सचिव द्वारा खंती खुदाई कार्य के दौरान मजदूरों से अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अन्य आवासीय योजनाओं में जीओ-टैगिंग में गड़बड़ी और फर्जी हाजिरी दर्ज करने का आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सचिव उनकी समस्याएं सुनने के बजाय उन्हें अनदेखा करती हैं, जिससे मजदूरों और हितग्राहियों में नाराजगी बढ़ रही है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जनमन योजना के




अंतर्गत पहाड़ी कोरवा समुदाय के लिए स्वीकृत आवास की राशि निकाल ली गई, लेकिन आवास को अब तक पूर्ण नहीं किया गया। निर्धारित मापदंड के विपरीत छोटा और अधूरा मकान बनाए जाने की बात भी सामने आई है, जिससे हितग्राही परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में सहायक प्रोग्राम ऑफिसर प्रीति प्रियंका लकड़ा ने बताया कि जी राम जी की बैठक के दौरान आवेदन प्राप्त हुई थी। फिलहाल जांच नहीं हो सकी है हम मौके पर जांच कर कार्रवाई करेंगे।

## जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण प्रारम्भ कराने को लेकर अधिवक्ता संघ ने वित्त मंत्री से की भेंट

**बिश्रामपुर।** जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण की मांग को लेकर जिला अधिवक्ता संघ लगातार प्रयासरत है,इसी कड़ी में हाल ही में छत्तीसगढ़ के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा से मुलाकात करने के बाद अब अधिवक्ता संघ ने अंबिकापुर प्रवास पर पहुंचे राज्य के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से भेंट कर अपनी मांगों को पुनः उनके समक्ष रखा और मामले का शीघ्र निराकरण कराने की मांग की है,जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बलराम शर्मा ने बताया कि वित्त मंत्री ने संघ की बातों को गंभीरता से सुना और तत्काल कलेक्टर को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया है,इसके बाद अधिवक्ताओं में यह उम्मीद

- **भूमि व्यपवर्तन की शेष राशि जमा नहीं हो पाने से वर्ष 2017 से प्रस्तावित नवीन भवन निर्माण का काम अटका पड़ा**



जगी है कि अब जिला न्यायालय के नवीन भवन निर्माण का कार्य शीघ्र प्रारंभ हो सकेगा,उल्लेखनीय है कि जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण का मामला वर्ष 2017 से लंबित है,इस संबंध में जिला अधिवक्ता संघ ने वित्त मंत्री को एक ज्ञापन सौंपते हुए समस्या के निराकरण की मांग की।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2017 में जिला न्यायालय सूरजपुर के नवीन भवन निर्माण हेतु भूमि का चयन किया गया था, जिसमें से 1.82 हेक्टेयर भूमि वन क्षेत्र के अंतर्गत आती है। वन भूमि के व्यपवर्तन के लिए राज्य सरकार द्वारा कैम्पा मद में निर्धारित राशि जमा करना आवश्यक है,वन विभाग द्वारा वर्ष 2020-21 में लगभग 31 लाख रुपये जमा करने के निर्देश दिए गए थे, किंतु समय-सीमा में राशि जमा नहीं होने के कारण यह राशि वर्ष 2022-23 में बढ़कर 49.42 लाख रुपये हो गई। इसके बाद भी राशि समय पर जमा नहीं होने से वित्तीय वर्ष 2025-26 में यह राशि बढ़कर करीब 65 लाख रुपये पहुँच गई,पत्र के अनुसार पूर्व में कुछ राशि जमा की जा चुकी है, जबकि वर्तमान में शेष करीब 15 लाख रुपये वित्तीय वर्ष 2025-26 में जमा किए जाने पर ही वन भूमि का व्यपवर्तन संभव होगा और नवीन न्यायालय भवन हेतु भूमि आवंटन का मार्ग प्रशस्त हो सकेगा। ज्ञापन में यह भी बताया गया है कि वर्ष 2013 में जिला न्यायालय सूरजपुर का गठन हुआ था, लेकिन आज तक न्यायालय पुराने तहसील न्यायालय भवन में संचालित हो रहा है,समय के साथ पीठासीन अधिकारियों, अधिवक्ताओं एवं प्रकरणों की संख्या में वृद्धि हुई है।

## सजेस बिश्रामपुर में जरूरतमंद छात्राओं को वितरण की गई साईकल




**बिश्रामपुर।** स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय बिश्रामपुर में सरस्वती साइकिल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा नौवीं की जरुरतमंद छात्राओं को साइकिल वितरण किया की गई,कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शाला विकास समिति के अध्यक्ष संजय सिंह,नगर पंचायत बिश्रामपुर अध्यक्ष श्रीमती निर्मला यादव, नगर पंचायत उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान राजेश यादव, पार्षद रविशंकर बउआ, पार्षद अमरेश प्रसाद,सूरज सेट्ठी, राजेंद्र पासवान,विद्यालय की प्राचार्य सूचिता खलखो,संकुल समन्वयक पंकज सिंह उपस्थित थे,कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना गायन द्वारा किया गया,विद्यालय के छात्रों द्वारा आकर्षक संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए,इस दौरान प्राचार्य सुचिता खलखो द्वारा विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर अतिथियों को कक्षा 10 वीं व 12 वीं की बोर्ड परीक्षा की तैयारी से अवगत कराते हुए आश्वस्त किया कि इस वर्ष का रिजल्ट काफी अच्छा रहेगा,अतिथियों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त कर बच्चों को परीक्षा की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा विद्यालय में स्टेज की मरम्मत एवं उस पर शेड निर्माण कराने और एक शौचालय निर्माण की घोषणा की,इसके पश्चात अतिथियों द्वारा कक्षा नौवीं के छात्राओं को तिलक लगा एवं मिठाई खिलाकर उन्हें साइकिल वितरण किया।

## श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन हुई फूलों की होली

हरिभूमि न्यूज. प्रतापपुर

स्टेडियम ग्राउंड में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का समापन विधिवत हवन, पूर्णाहुति और विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान प्रतापपुर हरि नाम संकीर्तन और श्रीकृष्ण भक्ति में लीन नजर आया।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन द्वारा हुआ। यज्ञ वेदी में आहुति के साथ वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से भर उठा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया। वृंदावन से पधारे कथा व्यास आचार्य सदानंद के श्रीमुख से प्रतिदिन श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण, ओजस्वी और हृदयस्पर्शी वाचन हुआ। आचार्य सदानंद ने




श्रीमद् भागवत महापुराण की महिमा बताते हुए कहा कि यह ग्रंथ केवल कथा नहीं, बल्कि मानव जीवन को धर्म, सत्य, करुणा और भक्ति के मार्ग पर ले जाने वाली दिव्य जीवन-दृष्टि है। कथा के विभिन्न दिनों में भागवत महात्म्य, शुकदेव-परिक्षित संवाद, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र, वामन अवतार, गोवर्धन लीला, महारास, रुक्मणी विवाह और सुदामा चरित्र जैसे प्रसंगों का सजीव वर्णन किया गया। कंस के कारागार में श्रीकृष्ण जन्म की मनोहारी झांकी प्रस्तुत होते ही पूरा पंडाल जयकारों से गूंज उठा।

श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, नृत्य और पुष्पवर्षा के साथ जन्मोत्सव का उल्लास मनाया। कथा के अंतिम दिन आचार्य सदानंद ने वैराग्य, भक्ति और कर्म के संतुलन पर प्रवचन देते हुए बताया कि सच्ची भक्ति वही है जो मानव को सदाचार, सेवा और संयम के मार्ग पर ले जाए। समापन दिवस पर विधिवत हवन-पूर्णाहुति संपन्न हुई। वैदिक मंत्रों के साथ दी गई आहुतियों से वातावरण पूर्णतः भक्तिमय हो गया। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। सात दिनों तक चले इस आयोजन में हर वर्ग, हर आयु के श्रद्धालु भक्ति में एक साथ डूबे नजर आए।

## छात्रा से छेड़छाड़ के दोषी कॉलेज के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य को डेढ़ साल की सजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

शिक्षण संस्थानों में छात्राओं की गरिमा और सुरक्षा से जुड़े मामलों पर कड़ा संदेश देते हुए प्रधान एवं जिला सत्र न्यायालय ने रामानुजगंज स्थित लरंग साय पीजी कॉलेज की छात्रा से छेड़छाड़ के मामले में बड़ा फैसला सुनाया है। न

यायालय ने कॉलेज के तत्कोलीन प्रभारी प्राचार्य को दोषी ठहराते हुए डेढ़ वर्ष के कारावास और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि इस प्रकरण में आरोपित राम भजन सोनवानी है, जो घटना के समय लरंग साय पीजी कॉलेज, रामानुजगंज में प्रभारी प्राचार्य के पद पर पदस्थ था। उन्होंने बताया कि घटना 12 अगस्त 2024 की है, जब कॉलेज की एक छात्रा अपनी सहेली के साथ एक आवेदन पर हस्ताक्षर कराने प्रभारी प्राचार्य के कक्ष में गई थी। इसी दौरान आरोपित ने छात्रा के साथ आपत्तिजनक इशारे किए और उससे कहा कि वह कमरे में आए, तब उसका काम किया जाएगा।

## विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक में विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित

**राजपुर।** विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2026 का बुधवार को समापन किया गया। प्रतियोगिता के समापन में मुख्य अतिथि भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष श्री जायसवाल ने कहा कि सरगुजा ओलम्पिक केवल एक खेल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों की छिपी खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का सशक्त माध्यम है। समारोह के दौरान विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों और टीमों को अतिथियों द्वारा शील्ड एवं मोमेंटो




प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में खो-खो सीनियर बालक वर्ग में मदनेश्वरपुर ने प्रथम तथा लडुवा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में एकलव्य विद्यालय प्रथम एवं मरकाडांड द्वितीय स्थान पर रहा।

## 15 वर्षों से अधूरे ढूंढीचुवा जलाशय के लिए 30.79 लाख की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज : कुसमी

सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की प्रयासों से शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ढूंढीचूवा जलाशय हेतु 30 करोड़ 79 लाख 13 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है।

इस जलाशय का कार्य लगभग 15 वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ था, जिसे सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा के अथक प्रयास से शासन द्वारा इसकी स्वीकृति दिलाई गई है। शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत आदिवासी सुदूर अंचल में काफी रकवा में किसानों की खेत की सिंचाई हो पाएगी। जलाशय की



स्वीकृति मिलने से क्षेत्र के किसानों में काफी खुशी का माहौल है। सामरी विधायक द्वारा सामरी विधान सभा क्षेत्र में चौमुखी विकास करने कराने हेतु निरन्तर प्रयासरत है।



## 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की रोमांटिक-ड्रामा फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दो प्रेमियों की कहानी देखने को मिलती है। दोनों की पसंद अलग है, लेकिन फिर कैसे दोनों एक-दूसरे के प्यार में पड़ते हैं और अंत में उनकी प्रेम कहानी किस मोड़ पर पहुंचती है, ये फिल्म में देखने को मिलेगा। ट्रेलर की शुरुआत में मृणाल (रोशनी) और सिद्धांत (शशांक) के किरदार अपनी-अपनी आदतों और पसंद के बारे में बताते हैं। इसके बाद ट्रेलर में देखने को मिलता है कि दोनों की शादी की बात होती है, जहां शशांक के घरवाले रोशनी के घर रिश्ता लेकर जाते हैं। दोनों के पेरेंट्स दोनों को शादी करने के लिए कहते हैं और कैसे बात करना है ये बताते हैं। शशांक 'श' को 'स' कहता है, जिसके चलते उसे पर्सनल लाइफ से लेकर प्रोफेशनल लाइफ तक में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शादी के लिए रोशनी शशांक को मना कर देती है। लेकिन बाद में दोनों एक-दूसरे के करीब आ जाते हैं और उनके बीच प्यार पलने लगता है।

लाइफStyle

# जैकलीन

## काशी में लिया चाट का मजा

अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज हाल ही में वाराणसी पहुंची थीं। उन्होंने अपनी इस आध्यात्मिक यात्रा के साथ शहर की गलियों में घूमकर स्थानीय स्वादिष्ट स्नैक्स का भी लुत्फ उठाया। अभिनेत्री ने वहां की खूबसूरत झलकियां इंस्टाग्राम पर शेयर कीं।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

तस्वीरों में जैकलीन पारंपरिक पिंक कलर के सूट में नजर आ रही हैं। कुछ तस्वीरों में वे मुस्कराते हुए पोज दे रही हैं, तो कुछ में काशी की खास वाइब्स को एंजॉय करती दिख रही हैं। एक तस्वीर में उन्होंने वाराणसी की मशहूर चाट की फोटो पोस्ट की है, जिससे साफ पता चलता है कि अभिनेत्री काफी फूडी हैं और अलग-अलग जगहों पर वहां के पारंपरिक खाने को ट्राई करने में दिलचस्पी रखती हैं। अभिनेत्री ने पोस्ट के साथ लिखा, "वाराणसी।" फैंस को जैकलीन का पोस्ट काफी पसंद आ रहा है। वे कमेंट सेक्शन पर तरह-तरह की प्रतिक्रिया दे रहे हैं। अभिनेत्री की बात करें तो उन्होंने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की है। साल 2006 में उन्होंने 'श्रीलंका यूनिवर्स' का खिताब जीता था। इसके बाद 2009 में फिल्म 'अलादीन' से बॉलीवुड में कदम रखने वाली जैकलीन को शुरुआती संघर्ष के बाद 2011 में फिल्म 'मर्डर 2' से बड़ी पहचान मिली।

ऑस्ट्रेलिया से मास मीडिया में स्नातक करने वाली जैकलीन आज बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार हैं, हालांकि हाल के वर्षों में वह ठग सुकेश चंद्रशेखर मामले को लेकर भी विवादों में रही हैं।



हॉलीवुड मसाला

## चैपल का रेड कार्पेट लुक बना टॉक ऑफ द टाउन



लॉस एंजेलिस। ग्रैमी अवॉर्ड्स का मंच हमेशा से ही अपने संगीत और अनूठे फैशन के लिए जाना जाता रहा है, लेकिन इस बार 'हॉट टू गो' फेम गायिका चैपल रोआन का रेड कार्पेट लुक टॉक ऑफ द टाउन बन गया है। उनके बोल्ड और आर्टिस्टिक 'मुलर' गाउन ने इंटरनेट को दो धड़ों में बांट दिया है। 68वें वार्षिक ग्रैमी अवॉर्ड्स में चैपल रोन ने जैसे ही कदम रखा, कैमरे उनकी ओर मुड़ गए। उन्होंने मुलर का डिजाइन किया गया एक कस्टम शीयर गाउन पहना था, जिसने सोशल मीडिया पर मिली-जुली प्रतिक्रियाओं का तूफान खड़ा कर दिया। चैपल रोआन का यह लुक कोई साधारण फैशन चॉइस नहीं था। यह लेजेंडरी डिजाइनर मैनफ्रेड थियरी मुलर के 1998 के स्प्रिंग/समर 'ज्यू डी पॉम' कॉउचर कलेक्शन से प्रेरित था। इस ऐतिहासिक लुक को फैशन हाउस मुलर के डिजाइनर मिगुएल कास्त्रो फ्रीटास ने 2026 के लिए नए सिरे से तैयार किया था।



## 'द ड्रामा' का ट्रेलर आया सामने

**लॉस एंजेलिस।** 3 अप्रैल को रिलीज होने वाली फिल्म 'द ड्रामा' एक ऐसे रोमांस की कहानी है, जो एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद बिखरने लगता है। ट्रेलर की शुरुआत में जेंडया और रॉबर्ट पैटिनसन एक परफेक्ट कपल के रूप में नजर आते हैं, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब एक सच उनके रिश्ते की नींव हिला देता है। 'द ड्रामा' में, जेंडाया एम्मा का किरदार निभा रही हैं, जो एक इंग्लिश ग्रेजुएट है और मिशन बुक्स में काम करती है, जबकि पैटिनसन चार्ली का किरदार निभा रहे हैं, जो कैम्ब्रिज आर्ट म्यूज़ियम के डायरेक्टर हैं और उनके पास आर्ट हिस्ट्री में पीएचडी है। यह कपल बहुत प्यार में और इमोशनली सिक्योर लगता है, जब तक कि एक अकेला कन्फेशन उनके बनाए हुए सब कुछ को खत्म करने की धमकी नहीं देता। ट्रेलर दर्शकों को एम्मा और चार्ली की एक अंतरंग शाम से मिलवाता है, जिसमें एक और कपल भी है, जिसका किरदार अलाना हैम और महमूदू एथी ने निभाया है। जो एक आरामदायक वाइन नाइट के तौर पर शुरू होता है, वह जल्द ही कन्फेशन के एक इमोशनली चार्ज्ड गेम में बदल जाता है।




## तापसी की 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई।** तापसी पन्नू स्टारर फिल्म 'अस्सी' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ये ट्रेलर मजबूत कहानी के साथ अच्छी स्टारकास्ट की झलक दिखा रहा है। ये ट्रेलर काफी प्रॉमिसिंग और मजबूत कहानी वाला नजर आ रहा है। ये फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस ट्रेलर की एक टैगलाइन है 'उस रात वो घर नहीं पहंची', इसी से समझ में आता है कि ये कहानी क्या होगी। ट्रेलर एक कोर्टरूम ड्रामा है, जिसमें तापसी एक वकील के किरदार में नजर आने वाली हैं। फिल्म में तापसी एक रेप विक्टिम को न्याय दिलाने की कोशिश करने में लगी हैं। ट्रेलर से समझ आता है कि ये एक रेप विक्टिम की कहानी है, जो रात में अपने घर आ रही होती है और उसे रास्ते में कुछ लोग गाड़ी में ले जाते हैं और रेप कर फेंक देते हैं। इसके बाद शुरू होता है कोर्टरूम ड्रामा, जो हर किसी के दिमाग के पुर्जे हिला सकता है।



## 'धुरंधर' ने तोड़ा दंगल और पीके का रिकॉर्ड

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म 'धुरंधर' 19वीं भारतीय फ़िल्म बन गई है, जिसने देश में 40 मिलियन से ज़्यादा टिकट बेचे हैं। यह एक ऐसा कारनामा है, जिसे कई लेजेंडरी ब्लॉकबस्टर फ़िल्में भी हासिल नहीं कर पाईं हैं। ट्रेड एक्सपर्ट्स ने फ़िल्म के लगातार थिएटर में चलने और देश भर में औसत टिकट कीमतों के आधार पर इन आंकड़ों का अनुमान लगाया है। 5 दिसंबर, 2025 को रिलीज़ हुई धुरंधर बहुत शानदार ओपनिंग नहीं की थी। इसने पहले दिन लगभग 30 करोड़ कमाए। लेकिन इसके बाद जो हुआ, वह वर्ड-ऑफ-माउथ से मिली सफलता का एक बेहतरीन उदाहरण था। फिल्म ने अगले हफ्तों में ज़बरदस्त ग्रोथ दिखाई, और अपने थिएट्रिकल रन के दौरान लगातार नए सिंगल-डे रिकॉर्ड बनाए।

## 29 साल बाद आमने-सामने होंगे सन्नी और अक्षय

मुंबई। ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स ने मुंबई में आयोजित अपने भव्य कार्यक्रम 'व्हाट्स नेक्स्ट ऑन नेटफ्लिक्स' में 2026 के लिए अपने प्रोजेक्ट्स की घोषणा कर दी है। इस पूरी लिस्ट में जिस फिल्म ने सबसे ज्यादा सुर्खियां बटोरीं, वह है सिद्धार्थ मल्होत्रा की 'इक्का'। इस लीगल ड्रामा की सबसे खास बात यह है कि इसमें सनी देओल और अक्षय खन्ना की जोड़ी पूरे 29 साल बाद स्क्रीन पर वापसी कर रही है। इससे पहले ये दोनों दिग्गज साल 1997 की ब्लॉकबस्टर फिल्म बॉर्डर में साथ नजर आए थे। सोशल मीडिया यूजर्स ने इक्का के पहले टीज़र पर तुरंत प्रतिक्रिया दी और सनी देओल और अक्षय खन्ना के परफॉर्मेंस की तारीफ की। एक यूजर ने लिखा, तारा सिंह और रहमान डकैत का क्रॉसओवर। एक और फैन ने कमेंट किया, उम्मीद नहीं थी कि नेटफ्लिक्स सनी और अक्षय के साथ कुछ बना रहा है। एक और कमेंट में लिखा था सनी देओल बनाम अक्षय खन्ना क्या कोलैब है।



## मोनालिसा की फिल्म का पहला लुक आया सामने

**मुंबई।** महाकुंभ 2025 में करोड़ों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच एक साधारण सी लड़की अचानक चर्चा का केंद्र बन गई थी नाम था मोनालिसा। माला बेचते हुए उनकी सादगी और खूबसूरती ने लोगों का ध्यान खींचा और देखते ही देखते सोशल मीडिया पर उनकी तस्वीरें और वीडियो वायरल हो गए। कैमरों और रील्स के बीच खड़ी मोनालिसा की जिंदगी ने यहीं से एक नया मोड़ ले लिया। महाकुंभ के दौरान फिल्ममेकर सनोज मिश्रा की नज़र मोनालिसा पर पड़ी। उनकी सादगी और मासूमियत ने डायरेक्टर को इतना प्रभावित किया कि उन्होंने मोनालिसा को अपनी फिल्म में कास्ट करने का फैसला कर लिया। यहीं से मोनालिसा का सफर मेले से फिल्मों की दुनिया की ओर बढ़ा। मोनालिसा अपनी पहली बड़ी फिल्म 'द डायरी ऑफ मणिपुर' की शूटिंग पूरी कर चुकी हैं। इस फिल्म में वह अभिनेता अमित राव के साथ नजर आएंगी, जो राजकुमार राव के भाई हैं। फिल्म के पूरा होने के साथ ही मोनालिसा का आत्मविश्वास भी साफ तौर पर झलकने लगा है।



## ..........अब मंजूरी नही आजादी जरूरी : लीसा

**मुंबई ।** फिल्म और फैशन की दुनिया में फिटनेस और लुक्स काफी मायने रखते हैं। ऐसे में एक्ट्रेसेस के लिए उम्र बढ़ने के साथ यह दबाव और भी बढ़ता जाता है, लेकिन कुछ अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जिन्होंने इन दबावों को नहीं माना और अपनी शर्तों पर जिंदगी जीती हैं। अभिनेत्री लीसा रे उन्हीं में से एक हैं। 50 साल की उम्र में उन्होंने 'बीच बॉडी' की सोच को नए मायने दिए हैं और इसे आत्मस्वीकृति, आजादी और आत्मसम्मान से जोड़कर देखा है। लीसा रे ने बीच से अपनी कुछ तस्वीरें साझा कीं। इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'एक समय था जब बीच पर खूबसूरत दिखने का मतलब एक तय इमेज से जोड़ा जाता था, रेड स्विमसूट, रेड लिपस्टिक और हर हाल में परफेक्ट दिखने का दबाव। साल 1991 के ग्लैडरैग्स कवर ने मेरी यही छवि लोगों के मन में बसा दी थी और इसी छवि के सहारे मैंने अपना करियर भी बनाया। लेकिन, आज मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने आज रखती है।' उन्होंने आगे लिखा, 'शरीर समय के साथ बदला है, जिंदगी में उतार-चढ़ाव आए हैं, बीमारियों से लड़ी हूं और खुद को फिर से खड़ा किया है। अब दूसरों की मंजूरी से ज्यादा सुकून अपने आप को स्वीकार करने में मिलता है। उन असंभव सुंदरता मानकों से बाहर निकलना ही मुझे असली राहत है।



## ओटीटी की दुनिया में नजर आएगी चाहत

**मुंबई।** टीवी और रियलिटी शो की दुनिया में अपनी पहचान बना रही एक्ट्रेस चाहत पांडे ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर भी डेब्यू किया है। हंगामा ओटीटी पर रिलीज हुई नई वेब सीरीज 'हसरतें सीजन 3' में उन्होंने एक चुनौतीपूर्ण किरदार निभाया है। उनका किरदार कई मायनों में महिलाओं की जटिल भावनाओं, उनकी इच्छाओं और उनके संघर्ष को बयां करता है। सीरीज के नए एपिसोड 'नया किराएदार' में चाहत पांडे ने स्मिता नाम की गृहिणी की भूमिका निभाई है। स्मिता एक ऐसी महिला है, जो अपने पति के अचानक गायब होने के बाद अकेली और भावनात्मक रूप से असुरक्षित महसूस करती है। उसे अपनी दबंग सास के साथ रहना पड़ता है, जिससे उसके जीवन में दबाव और भी बढ़ जाता है। समाज की निगाहें, ऑफिस में हो रहे उत्पीड़न और अपनी अधूरी इच्छाओं को दबाने की मजबूरी ने उसकी जिंदगी को थमा दिया है। लेकिन कहानी में बदलाव तब आता है, जब उसके घर में समर्थ नाम का एक युवा म्यूजिशियन किरायेदार बनकर आता है। उनकी बढ़ती दोस्ती स्मिता के भीतर छिपी हुई भावनाओं को फिर से जागृत करती है। जैसे-जैसे स्मिता समर्थ के करीब जाने लगती है, अचानक उसके पति की वापसी हो जाती है।



### शाहिद की 'ओ रोमियो' से लेकर तापसी की 'अस्सी' तक शामिल


## फरवरी में मनोरंजन का तड़का, रिलीज होंगी कई फिल्में

एजेंसी ▶▶| मुंबई

जनवरी सनी देओल की फिल्म 'बॉर्डर 2' के साथ धमाकेदार तरीके से खत्म हो रहा है। लोग फरवरी में आने वाली नई फिल्मों का इंतजार कर रहे हैं। अगला महीना कई मजेदार हिंदी फिल्में लेकर आ रहा है। इसमें शाहिद कपूर की 'ओ रोमियो' से लेकर तापसी पन्नू की 'अस्सी' तक शामिल हैं।

### ओ रोमियो

विशाल भारद्वाज ने 'ओ रोमियो' को निर्देशित किया है। इसमें शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म बनाने वालों ने कुछ दिन पहले ट्रेलर जारी किया, जिसमें उस्तारा और अफशा की दुनिया की झलक है। साजिद नाडियाडवाला के बैनर तले बनी यह रोमांटिक एक्शन थ्रिलर 13 फरवरी को रिलीज होगी। मुख्य कलाकारों के अलावा, फरीदा जलाल, तमन्ना भाटिया, नाना पाटेकर, दिशा पटानी, अविनाश तिवारी और विक्रांत मैसी भी हैं।




### रोमांटिक ड्रामा दो दीवाने सहर में

मृणाल ठाकुर और सिद्धांत चतुर्वेदी की 'दो दीवाने सहर में' एक आने वाली रोमांटिक ड्रामा है। रवि उदयवार ने इसे निर्देशित किया है। यह 20 फरवरी को रिलीज होगी और 'अस्सी' से टकराव होगा। मृणाल और सिद्धांत के अलावा, इला अरुण, आयशा रजा, अचिंत कौर, नवीन कौशिक और अन्य कलाकार हैं। इसका निर्माण जी स्टूडियोज, रैनकॉर्प मीडिया, भंसाली प्रोडक्शंस और रवि उदयवार मीडिया ने मिलकर किया है।

### तापसी पन्नू की अस्सी

तापसी पन्नू ने अनुभव सिन्हा के साथ 'मुल्क' और 'थप्पड़' में काम किया। अब उन्होंने 'अस्सी' के लिए फिर से साथ काम किया है। इस जासूसी थ्रिलर की पहली झलक सोशल मीडिया पर आई। इसमें तापसी वकील के रूप में हैं, जिनके चेहरे पर काली स्याही के निशान हैं। मनोज पाहवा, कानू कुसृति, रेवती, कुमुद मिश्रा और जीशान अय्यूब के साथ यह फिल्म 20 फरवरी को रिलीज होगी।

### 13 फरवरी को रिलीज होगी तू या मैं

शनाया कपूर ने विक्रांत मैसी के साथ 'आंखों की गुस्ताखियां' से बॉलीवुड में शुरुआत की। अब वह अपनी नई फिल्म के साथ तैयार हैं। आदर्श गौरव के साथ 'तू या मैं' में मुख्य भूमिका में हैं। बेजॉय नाम्बियार ने इसे निर्देशित किया है। 13 फरवरी को रिलीज होने वाली इस फिल्म में शनाया- अवनी शाह और आदर्श- मारुति कदम के रोल में नजर आएंगे। यह 'ओ रोमियो' से बॉक्स ऑफिस पर टकराएगी।

## कल्कि 2898 एडी-2 में नजर आ सकती हैं साई पल्लवी

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म कल्कि 2898 एडी को फैंस ने खूब पसंद किया। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन, दीपिका पादुकोण और कमल हासन जैसे स्टार्स थे। नाग अश्विन की फिल्म का दूसरा पार्ट बन रहा है, और इस बात को लेकर काफी अटकलें लगाई जा रही हैं कि सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह कौन लेगा। रिपोर्ट्स के मुताबिक, साई पल्लवी फिल्म के सीक्वल में दीपिका पादुकोण की जगह लेंगी। साई पल्लवी दीपिका पादुकोण को रिप्लेस कर रही हैं। फिल्म की टीम के एक रिप्रेजेंटेटिव ने कन्फर्म किया है कि दीपिका पादुकोण की जगह साई पल्लवी को लेने पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने कहा, अभी कुछ भी फाइनल नहीं हुआ है। लेकिन हां, दीपिका के बाहर होने के बाद, मेकर्स रोल के लिए साई पल्लवी पर विचार कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि साई पल्लवी इस रोल के लिए परफेक्ट होंगी। हालांकि, साई पल्लवी को अभी फाइनल नहीं किया गया है। कृपया ऑफिशियल कन्फर्मेशन का इंतजार करें। कास्टिंग फाइनल होने के बाद प्रोड्यूसर्स एक स्टेटमेंट जारी करेंगे।" कल्कि 2898 एडी जून 2024 में रिलीज़ हुई थी। फिल्म ने दुनिया भर में 1042 करोड़ कमाए। प्रभास ने भैरव का रोल निभाया, अमिताभ बच्चन ने अश्वत्थामा का और कमल हासन ने विलेन सुप्रीम यास्किन का रोल निभाया।



## मिर्जापुरः द फिल्म' की शूटिंग पूरी

**मुंबई।** 'मिर्जापुरः द फिल्म' का इंतजार फैंस काफी लंबे समय से कर रहे थे। वेब सीरीज के तीन सफल सीजन के बाद अब दर्शक यह जानने के लिए बेताब हैं कि ओटीटी से सिनेमाघरों तक पहुंचते हुए इस कहानी में क्या नया देखने को मिलेगा। इसी बीच फैंस के लिए एक बड़ी खुशखबरी सामने आई है। हाल ही में मेकर्स ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर कर यह कन्फर्म कर दिया है कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। मेकर्स के मुताबिक फिल्म का आखिरी शेड्यूल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है और अब प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में पहुंच चुका है। फिलहाल मेकर्स ने फिल्म की कहानी को लेकर कोई बड़ा खुलासा नहीं किया है। हालांकि, इंडस्ट्री रिपोर्ट्स के मुताबिक यह फिल्म या तो सीरीज़ का प्रीक्वल हो सकती है या फिर उसी टाइमलाइन का एक अहम और बड़ा हिस्सा दिखा सकती है। यह भी कहा जा रहा है कि फिल्म का स्केल वेब सीरीज से कई गुना ज्यादा भव्य होगा। सत्ता की लड़ाई, खून-खराबा और मिर्जापुर की गद्दी के लिए एक नया और और भी खूनी खेल दर्शकों को देखने को मिल सकता है। बड़े पर्दे पर मिर्जापुर की दुनिया को और ज्यादा रॉ, इंटेंस और सिनेमैटिक तरीके से पेश किए जाने की पूरी तैयारी है।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज कर्मियों के लिए बना आवास विरान



**बैकुण्ठपुर।** एमसीबी जिले के जनपद मुख्यालय खड़गवां में शासकीय महाविद्यालय के कर्मियों के लिए महाविद्यालय परिसर के निकट आवास बनाए गए हैं। इनमें कोई भी महाविद्यालय का कर्मी निवास नहीं करता ,इसके चलते बनाए गए आवास सूने पड़े हैं। जानकारी के अनुसार शासकीय महाविद्यालय खड़गवां के कर्मियों के लिए महाविद्यालय पहुंच मार्ग किनारे 2 जी टाइप व अन्य प्रकार के शासकीय आवास बनाए गए हैं और थोड़ी दूरी पर ही महाविद्यालय स्थित है, लेकिन बनाए गए आवास में कोई भी महाविद्यालय कर्मी निवास नहीं करता, बल्कि कर्मी अपनी सुविधाजनक स्थान से आना-जाना करते हैं, इसके चलते लाखों की लागत से बनाया गया शासकीय महाविद्यालय खड़गवां के कर्मियों का आवास खाली पड़ा है। कर्मियों के निवास नहीं करने के कारण भवन परिसर झाड़ियों से पटा पड़ा है। सरकार द्वारा सुविधा प्रदान करने के बावजूद महाविद्यालय के कर्मी अपनी सुविधानुसार आना-जाना करते हैं। यही कारण है कि कई वर्षो से महाविद्यालय के कर्मियों के लिए निर्मित आवास पूरी तरह से सूना पड़ा है।

### ग्रामीण के घर से 20 हजार की 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद



अम्बिकापुर। मुखबिर की सूचना पर वन अधिकारियों ने ग्राम चम्पापुर अंतर्गत एक ग्रामीण के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद हुई। आरोपी के विरूद्ध भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षक अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। सेमरसोत अभ्यारण्य में निवासरत ग्रामीणों की मदद से तस्कर जमकर लकड़ी की अवैध तस्करी कर रहे हैं। बुधवार को वन अधिकारियों को मुखबिर से सूचना मिली कि कोदौरा जंगल के डूमरखोला बीट अंतर्गत ग्राम चंपापुर निवासी टुनुराम पिता सरजू खैरवार ने अपने घर में भारी मात्रा में अवैध बल्ली का भण्डारण किया है तथा भंडारित बल्ली को खपाने की तैयारी कर रहा है। सूचना पर अधीक्षक बीएस भगत के निर्देशन एवं वन परिक्षेत्राधिकारी विनय टंडन के नेतृत्व में वन अमले ने आरोपी के घर की घेराबंदी कर तलाशी ली तो घर से 59 नग अवैध साल बल्ली बरामद हुआ। जब्त बल्ली की कीमत 20 हजार रूपए आंकी गई है। विभाग द्वारा आरोपी के विरूद्ध वन अधिनियम 1927 एवं वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

### कीटनाशक पीने से गंभीर महिला की गई जान

**अम्बिकापुर।** प्रतापपुर थाना अंतर्गत ग्राम नवाडीह निवासी शनिचरी बाई पति रामचंद्र 54 वर्ष 30 जनवरी को पति के साथ बैठकर शराब पी जिसके बाद किसी बात को लेकर दोनों के वीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि महिला ने घर में रखे कीटनाशक को पी ली।

### शाम ढ़लते की अंधेरे में डूबा रहता है मार्ग, राहगीरों की बढ़ी परेशानी

# विश्रामपुर ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक लगाए गए सोलर लाइट महीनों से बंद


हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

सड़क पर रात के समय लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे लेकर एसईसीएल द्वारा सड़क किनारे सोलर लाइट की लाइट लगाई गई है। हैरानी की बात तो यह है कि विश्रामपुर छत्तीसगढ़ ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक लगाए गए अधिकांश सोलर लाइट साल भर के भीतर बंद हो गई। जबकि मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती है लेकिन लाइट के बंद होने से राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।आलम यह है कि शाम ढ़लते ही सड़क अंधेरा में डूब जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा छत्तीसगढ़ ढाबा से गायत्री खदान तक सड़क किनारे लगाए गए लगभग दो सौ सोलर रोड लाइट देखरेख के अभाव में महज शोपीस बनकर रह गई हैं। ग्रामीणों और राहगीरों के अनुसार जिस उद्देश्य से लाइट लगाई गई थी, वह अब पूरी तरह से विफल होता नजर आ रहा है। सड़क किनारे लगाए गए अधिकांश सोलर लाइट पूरी तरह खराब हो चुकी हैं, जिससे पूरा मार्ग रात के समय अंधेरे में डूबा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सोलर लाइट को लगे अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा राहगीरों की सुविधा और सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से लगाया था, ताकि रात के समय लोगों को सुरक्षित आवागमन कर सके। लेकिन यह उद्देश्य सार्थक साबित होता नजर नहीं आ रहा है।

मार्ग से हर रोज बड़ी संख्या में भारी वाहन सहित अन्य वाहन आवागमन करती है परंतु सड़क किनारे लगाए गए लाइट के खराब होने से शाम ढ़लते ही छत्तीसगढ़ ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक अंधेरा में डूब जाता है जिससे हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। दिन के समय बाइक सहित अन्य वाहन सवार आसानी से आवागमन करते है लेकिन शाम ढलने के बाद अंधेरा होने के कारण उनकी परेशान काफी बढ़ जाती है। कुछ दिन पूर्व ही अंधेरा होने के कारण भारी वाहन की चपेट में आने से मवेशी की मौत हो गई थी। मार्ग अंधेरा होने तथा आए दिन हो रही दुर्घटना को लेकर लोगों में आक्रोश है।

जिला औषधि विक्रेता संघ चुनाव



सड़क किनारे खराब सोरल लाइट।

#### अंधेरा का उठाते है फायदा

गायत्री खदान तक लगाए गए सोलर लाइट के खराब होने से क्षेत्र में सक्रिय कोयला चोर एव असामाजिक तत्वों के लिए यह मार्ग बेहद अनुकूल हो गया है। ऐसे में शाम ढलते ही अंधेरा होने से न सिर्फ कोयल तस्कर सक्रिय हो जाते है बल्कि मार्ग में पसरे अंधेरा का फायदा उठाकर बाइक से कोयला चोरी करने की घटना को अंजाम देते है। ग्रामीणों के मुताबिक पूरी रात बाइक से कोयले की ढुलाई खुलेआम की जा रही है।

#### लाइट की नहीं हुई मरम्मत

बताया जा रहा है कि सोलर रोड लाइट लगाने का कार्य एक कंपनी के निजी ठेकेदार को दिया गया था। कंपनी द्वारा मेंटेनेंस और गारंटी की भी स्पष्ट व्यवस्था थी। बावजूद इसके न तो खराब लाइटों की मरम्मत की गई और न ही रिप्लेसमेंट को लेकर आज तक किसी प्रकार की कोई पहल की गई। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रबंधन को समस्या की जानकारी होने के बाद भी संबंधित अधिकारी अनजान बने हुए हैं और ठेकेदार से संपर्क करना मुनासिब समझते है। ऐसे में सोलर लाइट महीनों से बंद है जिसका खामियाजा राहगीर सहित क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

#### लाइट मरम्मत की मांग

विश्रामपुर छत्तीसगढ़ ढाबा से लेकर गायत्री खदान तक 2 सौ सोलर लाइट लगाई है। लाइट लगने के बाद कुछ माह तक सड़क रौशन था लेकिन लेकिन लाइट के समय पर मरम्मत नहीं होने के कारण अधिकांश सोलर लाइट काम करना बंद कर दिया जिससे पूर्व की भांति स्थिति निर्मित हो गई है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि राहगीरों सहित आम लोगों की सुविधा के लिए लाखों की लागत से सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाई गई है। लेकिन साल भर के भीतर ही अधिकांश लाइट काम करना बंद कर दिया जिससे रात में मार्ग अंधेरा में डूब जाता है जिससे राहगीरों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोगों ने लाइट मरम्मत किए जाने की मांग की जिससे राहगीर सहित क्षेत्र के लोगों को राहत मिल सके।

#### कराई जाएगी मरम्मत

सोलर लाइट पर्यावरण निधि से लगाई गई हैं। लाइट खराब है तो इसके लिए विभाग में अन्य अधिकारी जिम्मेदार हैं। मेंटेनेंस के लिए कुछ राशि रोकी गई थी। संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर यह देखा जाएगा कि लाइट गारंटी अवधि में हैं या नहीं। यदि गारंटी में होंगी तो ठेकेदार द्वारा उन्हें रिप्लेस कराया जाएगा नहीं तो आवश्यक सुधार कार्य कराया जाएगा।

-सतीश वर्मा, नोडल सीएसआर

# 55 तीर्थयात्रियों को लेकर बनारस जा रही बस को तेज रफ्तार ट्रक ने मारी टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर



अंबिकापुर- बनारस मार्ग में तीर्थयात्रियों को लेकर बनारस जा रही रक्षा बस को एक तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी है। टक्कर के बाद बस सड़क किनारे पेड़ से टकराकर दुर्घटना ग्रस्त हो गई जबकि कुछ दूर आगे जा कर ट्रक की पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में एक महिला तीर्थयात्री की मौत की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। जबकि 13 घायलों का उपचार जारी है वहीं गंभीर दो घायलों को रायपुर रेफर किया गया है। घटना सोमवार देर रात दो बजे लटोरी गंगापुर के समीप दुर्घटना हुई।

**खास बातें**

- एक श्रद्धालु की मौत, 13 हुए घायल
- दो को किया गया रेफर

जानकारी के अनुसार रायगढ़ क्षेत्र के ग्राम रूडूकेला लैलूंगा सहित आसपास गांव के 55 लोग चंदा कर रक्षा बस क्रमांक सीजी 10 बीएम 8229 को बुकिंग कर तमनार रायगढ़ से करीब 55 लोगों बनारस अयोध्या तीर्थयात्रा पर दर्शन हेतु निकले थे। बस अंबिकापुर पहुंचने के बाद बनारस के लिए रवाना हुई थी,रात्रि करीब दो बजे बस जैसे ही बनारस मार्ग में गंगापुर के पास पहुंची तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित रफ्तार की ट्रक सीजी 15 बीजेड 7188 के चालक ने वाहन को लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बस के पीछे जोरदार टक्कर मार दी जिसके बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से जा टकराई। घटना की जानकारी लगते ही लटोरी,जयनगर,बिश्रामपुर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से किसी तरह बाहर निकालकर लटोरी अस्पताल भेजा,दुर्घटना में 14 लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान कोइकमा पति रौतीराम कवंर (50 वर्ष) की मौत हो गई। वहीं पुष्पा व रमेश की हालत नाजुक होने पर रायपुर रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# एमसीबी में 1278 परिवारों को मिलेगा पक्का घर

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत एमसीबी जिले के शहरी क्षेत्रों में बेघर, आवासहीन एवं कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा पहल तेज कर दी गई है।

जिले के सभी नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों से पात्र हितग्राहियों के आवेदन शीघ्र मंगाने का आग्रह किया गया है, ताकि योजना की आवेदन प्रक्रिया को और गति दी जा सके। भारत सरकार द्वारा एमसीबी जिले को कुल 1278 आवासों का लक्ष्य प्रदान किया गया है, जिससे सैकड़ों परिवारों के पक्के घर का सपना साकार होगा। निर्धारित लक्ष्य के अनुसार नगर पालिक निगम चिरमिरी में 710, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में 275, नगर पंचायत खोंगापानी में 145, नगर पंचायत जनकपुर में 40, नगर पंचायत झगराखांड में 64 तथा नगर पंचायत नई लेदरी में 44 आवासों का लक्ष्य तय किया गया है। पात्र हितग्राही पीएमएवाई-यू 2.0 के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं, वहीं सुविधा के लिए संबंधित नगरीय निकाय कार्यालयों में ऑफलाइन आवेदन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई है। आवेदन के लिए मुखिया एवं परिवार के सदस्यों के आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो, 100 रूपए के स्टाम्प पर नोटरी शपथ पत्र, बैंक पासबुक की प्रति सहित आवश्यक दस्तावेज अनिवार्य हैं। पात्रता के अनुसार आवेदक की वार्षिक आय 3 लाख रूपए से कम होनी चाहिए तथा उसके नाम से किसी भी शहरी क्षेत्र में पक्का मकान नहीं होना चाहिए। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत नवीन डीपीआर प्रेषित किए जाने के लिए कुल 1278 के अद्यतन लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 134 आवासों की डीपीआर प्रेषित की जा चुकी है, जो कुल लक्ष्य का लगभग 10 प्रतिशत है।

शेष लक्ष्य की पूर्ति के लिए जिला प्रशासन द्वारा नगरीय निकायों के माध्यम से आवेदन प्रक्रिया को और तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की है कि वे समय-सीमा के भीतर आवेदन कर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 का लाभ लें और अपने परिवार के लिए सुरक्षित एवं सम्मानजनक पक्के आवास का सपना साकार करें।

# तलवापारा में पांच दिवसीय योग शिविर

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



छग शासन के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग संचालनालय आयुष तथा जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत जूनापारा के मोहल्ला तलवापारा में आयोजित निःशुल्क 5 दिवसीय योग शिविर का 5 फरवरी को सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह योग शिविर प्रतिदिन प्रातः 7 से 8 बजे तक आयोजित किया गया। इसमें काफी संख्या में ग्रामीणजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

शिविर के दौरान प्रतिभागियों को ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पद्मासन, पवनमुक्तासन, शलभासन, धनुरासन, शवासन, सूर्य नमस्कार एवं मकरासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भस्त्रिका, भ्रामरी, उज्जायी, शीतली, शीतकारी, नाड़ी शोधन एवं दीर्घ श्वसन प्राणायाम के माध्यम से स्वस्थ, सकारात्मक एवं तनावमुक्त जीवन जीने की कला सिखाई गई। योग शिविर का संचालन प्रशिक्षित योग शिक्षक कृष्णा राजवाड़े, सरिता एवं रीमा राजवाड़े के मार्गदर्शन में किया गया। शिविर के दौरान जिला आयुर्वेद अधिकारी श्री मिश्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। योग अभ्यास के पश्चात प्रतिभागियों को आयुर्वेदिक अवधारणा के अनुरूप चना एवं गुड़ का हेल्दी नाश्ता भी प्रदान किया गया। योग शिविर के लाभार्थी एवं शिक्षक सुरेन्द्र राजवाड़े ने बताया कि इस शिविर से उन्हें अत्यंत लाभ मिला है तथा वे आगे भी योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाए रखेंगे। उन्होंने भविष्य में नियमित सामूहिक योग अभ्यास एवं समय-समय पर प्रशिक्षित योग शिक्षकों को आमंत्रित करने की बात भी कही।

# 138 मतदाताओं के नाम कटवाने का आरोप, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन



**लखनपुर।** विकासखंड लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत मांजा अंतर्गत राजाकटेल पंचायत के 120 और नरकलो पंचायत के 18 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के लिए फॉर्म 7 जमा किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि यह कार्रवाई संगठित और चयनात्मक तरीके से एक विशेष समुदाय को लक्षित कर की गई है।

जानकारी के अनुसार यह फॉर्म केवल सात व्यक्तियों द्वारा भरे गए हैं। अब तक किसी भी मतदाता का नाम सूची से नहीं कटा है, लेकिन इसे चुनावी प्रक्रिया में अवैध हस्तक्षेप का प्रयास माना जा रहा है। इस मुद्दे को लेकर आज कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम उदयपुर एवं थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर निष्पक्ष जांच की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान कांग्रेस नेता विक्रमजीत सिंह देव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष कृपा शंकर गुप्ता, पूर्व एल्डरमैन शराफत अली, मंडल अध्यक्ष रमेश जायसवाल, जगरोपण यादव, जमील खान, इरशाद खान, मकसूद हुसैन, पार्षद बघोलन राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



जिले के चैनपुर में संचालित एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज में 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर विशेष स्वास्थ्य एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम संस्था संचालक डॉ. एके ओझा एवं संस्थान की प्राचार्य श्रीमती अल्का देवी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

आयोजन का उद्देश्य कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा इसके कारण, लक्षण, रोकथाम और उपचार की जानकारी आमजन तक पहुंचाना रहा। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्र-छात्राओं एवं फैकल्टी सदस्यों द्वारा स्वास्थ्य प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस अवसर पर डॉ.नम्रता चक्रवर्ती, डॉ. वासिक, मिस सुषमा पाण्डेय व मिस्टर अवनीश ने विश्व कैंसर दिवस 2026 की थीम यूनाइटेड बाय यूनिक पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि यह थीम वर्ष 2025 से 2027 तक चलने वाले तीन वर्षीय वैश्विक अभियान की शुरूआत को दर्शाती है, जिसका मुख्य उद्देश्य प्रत्येक कैंसर रोगी की व्यक्तिगत यात्रा को महत्व देना तथा उपचार में व्यक्तिगत देखभाल और समावेशिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के अंतर्गत एके इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग कॉलेज के चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा एक विशेष जन-जागरूकता अभियान भी चलाया गया। इस दौरान लोगों को कैंसर के विभिन्न प्रकार इसमें मुख कैंसर, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, ब्लड कैंसर, स्किन कैंसर, बोन कैंसर, प्रोस्टेट कैंसर एवं फेफड़ों के कैंसर के बारे में जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्थान की प्राचार्य ने छात्रों को बताया कि तंबाकू सेवन और धूम्रपान कैंसर के प्रमुख कारण हैं, जिनसे विशेष रूप से मुंह और फेफड़ों के कैंसर का खतरा अधिक होता है। साथ ही कैंसर के सामान्य लक्षण जैसे वजन कम होना, लगातार थकान, स्तन में गांठ, त्वचा में बदलाव तथा लंबे समय तक दर्द बने रहना आदि के बारे में भी लोगों को जागरूक किया गया। उपचार के रूप में कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी एवं सर्जरी की जानकारी भी साझा की गई। इस अवसर पर संस्थान की पूजा दिवान, चांदनी सिंह, ज्योति गुप्ता, रश्मि मेहरा, श्रीमती जानकी नापित, श्रीमती विनीता राजवाड़े समेत सुल्तान के शिक्षक-शिक्षिकाएं काफी संख्या में मौजूद रहे।

## पृष्ठ 1 का शेष

### किसी भी निजी...

के सृजन एवं आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की संभावना है। साथ ही कंपनी द्वारा जिम्मेदार एवं सतत खनन प्रथाओं के पालन का आश्वासन दिया गया। कंपनी के अनुसार इस परियोजना से किसी प्रकार का विस्थापन, पुर्नवास अथवा अतिक्रमण नहीं होगा तथा वनों, जल स्त्रोतों एवं वन्यजीवों पर भी किसी प्रतिकूल प्रभाव की आशंका नहीं है। यह भी स्पष्ट किया गया कि परियोजना क्षेत्र में कोई ग्राम पंचायत शामिल नहीं है, जिससे आसपास के गांवों पर नकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ेगा। विकास पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए स्थानीय व्यापार प्रतिनिधि ओम प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि यह परियोजना क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण विकास अवसर है। जिम्मेदार खनन से न केवल स्थानीय आजीविका को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि चिरमिरी के व्यापारिक समुदाय की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। सफल जनसुनवाई के पश्चात अंजन माइंस प्राइवेट लिमिटेड वैधानिक एवं नियामक स्वीकृतियों के अनुरूप परियोजना के आगामी चरणों की ओर अग्रसर होगी तथा क्षेत्र में जिम्मेदार, समावेशी एवं सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय हितधारकों के साथ समन्वय बनाए रखेगी। जन सुनवाई के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो इस के लिए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात रही।

### दो माह बाद...

बाजार में बढ़ी रौंनक- विवाह का शुभ शुरू होने के साथ ही बाजार में विवाह के खरीदी के लिए रौंनक बढ़ गई है। लोग विभिन्न तरह के जरूरत के सामानों की खरीदी के लिए शहर के बाजार में जुट रहे हैं। इनमें कपड़े, बर्तन, किराना सामानों की खरीदी के लिए जुट रहे हैं, इसके चलते शहर के बाजार विवाह के सीजन के साथ ही गुलजार हो गए हैं, लेकिन सोने-चांदी के भाव में उछाल के कारण सराफा बाजार की चमक थोड़ी फीकी नजर आ रही है, लेकिन अन्य सामानों की खरीदी के लिए बाजार गुलजार हो गया है। एडवांस बुकिंग की होड़- विवाह के सीजन प्रारंभ होने के साथ ही लोग मैरीज हॉल, डीजे, बैडबाजा, कैटरर्स, फोटोग्राफर आदि की एडवांस बुकिंग विवाह के शुभ मुहूर्त शुरू होने के कई दिन पूर्व ही शुरू कर दिए थे और लगातार एडवांस बुकिंग हो रही है। फरवरी माह में लगातार एवं सबसे अधिक मुहूर्त होने के कारण इस माह में जमकर शादियों की शहनाई गूंजेगी, इसकी तैयारियां लोगों द्वारा की जा रही। वहीं ब्यूटी पार्लरों में भी एडवांस बुकिंग चल रही है।

### रोमांचक मुकाबले में...

उपाध्यक्ष संदीप कुमार, सचिव मो. रियाज, सह-सचिव तपेश्वर प्रसाद एवं प्रवीन डेहरिया, तथा कोषाध्यक्ष महेश कुमार को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। आयोजकों ने नगरवासियों एवं खेल प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने और इस ऐतिहासिक स्वर्ण जयंती प्रतियोगिता को सफल बनाने की अपील की है। चौथे दिन दो मुकाबले खेले जाएंगे। मैच का शुभारंभ दोपहर 1:30 बजे होगा। पहला मुकाबला खड़कपुर, पश्चिम बंगाल बनाम एमएजी, बैंगलोर (कर्नाटक) तथा दूसरा मुकाबला बक्सर, बिहार बनाम एससी रेलवे नागपुर के बीच खेला जाएगा।

### मैनपाट महोत्सव की तैयारियां प्रारंभ, कलेक्टर ने लिया जायजा

अंबिकापुर। सरगुजा में इस बार मैनपाट महोत्सव 13 से 15 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। मैनपाट महोत्सव के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी है। बुधवार को कलेक्टर सरगुजा अजीत वसंत ने बुधवार को मैनपाट महोत्सव स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने आगामी 13, 14 एवं 15 फरवरी को रोपाखार जलाशय के समीप आयोजित होने वाले कार्यक्रम स्थल में डोम निर्माण, मंच व्यवस्था, साज-सज्जा, ग्रीन रूम की जानकारी ली तथा हेलीपैड स्थल, मेला स्थल, विभागीय स्टॉल स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने मुख्य अतिथियों, वीआईपी, वीवीआईपी, मीडिया तथा आमजनों हेतु बैठक व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने रूट चार्ट, पार्किंग व्यवस्था, आवागमन, सुरक्षा आदि की विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की समस्या ना हो, पूरे आयोजन में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहे।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोडों का दर्द • नसों का रोग • त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग • मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड • अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
18 अप्रैल , 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411